# समाहरणालय, मधेपुरा।

(जिला सामाजिक सुरक्षा–सह–दिव्यांगजन सशक्तिकरण कोषांग)

पत्रांक...310.../

प्रेषक,

सहायक निदेशक,
सामाजिक सुरक्षा कोषांग,
मधेपुरा।

सेवा में,

राज्य आयुक्त निःशक्तता,
बिहार, पटना।

मधेपुरा, दिनांक...25....जून 2020

**विषय :– 140वीं हेलेन एडम्स–केलर जयंती के अवसर पर कार्यक्रम आयोजन के संबंध में।**

**प्रसंग :– भवदीय पत्रांक–896, दिनांक–18.06.2020**

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रसांगिक पत्र के आलोक में कहना है कि जिला सामाजिक सुरक्षा–सह–दिव्यांगजन सशक्तिकरण कोषांग, मधेपुरा द्वारा 27.06.2020 को 140वीं हेलेन एडम्स–केलर जयंती के अवसर पर जिला प्रशासन क विभिन्न प्रशासनिक स्तरों पर निम्नरूपेण कार्यक्रमों के आयोजन हेतु कार्ययोजना तैयार की गई हैः–

| क्रं0 सं0 | प्रशासनिक स्तर | कार्यक्रम की रूपरेखा |
|---|---|---|
| 01. | जिला स्तर | **जिला पदाधिकारी, मधेपुरा की अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन**<br>1. हेलेन एडम्स–केलर की प्रेरणादायी जीवन व उनके उपलब्धियों पर कार्यक्रम में सहभागी दिव्यांगजनों के साथ चर्चा व दिव्यांगजनों के लिए संचालित विभिन्न योजनाओं के संबंध में जानकारी साझा करना।<br>2. निःशक्त विवाह अनुदान योजना व अन्य योजनाओं के लाभार्थियों को दि जाने वाले लाभ संबंधी प्रमाण–पत्र का जिला पदाधिकारी, मधेपुरा द्वारा वितरण।<br>3. जिला पदाधिकारी, मधेपुरा द्वारा कार्यक्रम थीमः–''शत्–प्रतिशत दिव्यांगजन करें अपने मताधिकार का प्रयोग'' पर संबोधन। |
| 02. | अनुमंडल/प्रखंड स्तर | 1. जिला सामाजिक सुरक्षा–सह–दिव्यांगजना सशक्तिकरण कोषांग द्वारा भवदीय पत्रांक–896, दिनांक–18.06.2020 के अनुरूप कार्यक्रम आयोजन हेतु पत्र प्रेषित। प्रेषित पत्र के माध्यम से पंचायत स्तर पर भी कार्यक्रम आयोजन हेतु सभी प्रखड विकास पदाधिकारी, मधेपुरा जिला को अपने स्तर से आवश्यक कार्रवाई करने हेतु आग्रह किया गया है। |
| 03. | बुनियाद केन्द्र | 1. जिलास्तरीय बुनियाद केन्द्र/अनुमंडलस्तरीय बुनियाद केन्द्रों पर चिन्हित लाभार्थियों को सहायक उपकरणों का वितरण। |
| 04. | भ्रमण कार्यक्रम | 1. सहायक निदेशक, सामाजिक सुरक्षा कोषांग, मधेपुरा द्वारा दिनांक–28.06.2020 से विभिन्न प्रखंडो में दिव्यांगजन एवं अन्य सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के क्रियान्वयन एवं प्रगति की समीक्षा हेतु भ्रमण कार्यक्रम। |

विश्वासभाजन

25.06.2020

सहायक निदेशक,
सामाजिक सुरक्षा–सह–
दिव्यांगजन सशक्तिकरण कोषांग,
मधेपुरा।